दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-
फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, बुधवार 23 जून 2021

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## सरकार चाहे तो बुझा सकती है ये आग

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जैसे आग लग गई है। इनकी कीमतें हर दिन एक नया रेकॉर्ड बना रही हैं। पिछले शनिवार को एक बार फिर कीमतों में बढ़ोतरी के साथ देश के सात राज्यों में पेट्रोल की कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर की 'मनोवैज्ञानिक रेखा' को भी पार कर गईं। डीजल की कीमतें भी ज्यादातर राज्यों में 90 रुपये से ऊपर पहुंच गई हैं और राजस्थान के श्रीगंगानगर में तो डीजल ने भी शतक लगा दिया है। 4 मई के बाद से अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 23 बार बढ़ोतरी हो चुकी है।

रिजर्व बैंक पर दबाव- दिल्ली में पिछले साल मध्य अप्रैल की तुलना में इस साल 12 जून तक पेट्रोल की कीमतों में 26 रुपये (38 फीसदी) और डीजल की कीमतों में 24.6 रुपये (39 फीसदी) से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जाहिर है कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में लगातार और तीखी वृद्धि आम लोगों को चुभने लगी है। यही नहीं, इस साल अप्रैल में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर रेकॉर्ड उछाल के साथ 10.5 प्रतिशत तक पहुंच गई।

भारतीय रिजर्व बैंक भी इससे परेशान है। पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में तेजी से उसके लिए महंगाई दर को नियंत्रित रख पाना मुश्किल हो रहा है, जिसका दबाव ब्याज दरों पर पड़ सकता है। वह नहीं चाहता है कि महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए उसे ब्याज दर बढ़ानी पड़े। इस समय ऐसा करने पर मांग और निवेश दोनों पर नेगेटिव असर पड़ेगा, जो कोरोना महामारी की मार से पस्त पड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें और बढ़ा सकता है।

आखिर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें इतनी क्यों बढ़ रही हैं? पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का यह कहना एक हद तक ही सही है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण देश में भी कीमतें बढ़ रही हैं। यह सही है कि इस साल जनवरी से अब तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 51.8 डॉलर से बढ़कर 71 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।

लेकिन साल 2013 में जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की औसत कीमत 101 डॉलर प्रति बैरल थी, तो दिल्ली में पेट्रोल का दाम 63 रुपये प्रति लीटर था। आज जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत वर्ष 2013 से लगभग 30 डॉलर प्रति बैरल यानी 42 फीसदी कम है तो दिल्ली में पेट्रोल की कीमत लगभग 53 फीसदी ज्यादा यानी 96.12 रुपये हो गई है।

असल में, पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह उस पर लगने वाले केंद्रीय और राज्य टैक्स हैं। एक मोटे अनुमान के मुताबिक, अभी पेट्रोल की कीमत में लगभग 60 फीसदी और डीजल की कीमत में लगभग 54 फीसदी हिस्सा केंद्रीय और राज्य करों का है। पिछले साल एक समय पेट्रोल की कीमत में करों का हिस्सा दो-तिहाई से भी ज्यादा पहुंच गया था, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोरोना महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ने और कच्चे तेल की मांग गिरने के बाद उसकी कीमतें काफी नीचे चली गईं थीं। असल में, पिछले साल मार्च से लेकर मई के बीच केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी में कुल 13 रुपये प्रति लीटर यानी 65.7 फीसदी और डीजल पर कुल 16 रुपये प्रति लीटर यानी 101 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी थी। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद उसका फायदा भारतीय ग्राहकों को नहीं मिला और वे पहले की तरह ज्यादा कीमत चुकाते रहे। जाहिर है कि इस रेकॉर्डतोड़ टैक्स बढ़ोतरी का छप्परफाड़ फायदा केंद्र सरकार और कुछ हद तक राज्य सरकारों को हुआ। इसलिए 2020-21 में जीडीपी में नकारात्मक वृद्धि के बावजूद केंद्र सरकार रेकॉर्ड एक्साइज ड्यूटी वसूलने में कामयाब रही।

*- आनंद प्रधान*

## काला नमक चावल बिक्री के लिए अब फ्लिपकार्ट पर होगा उपलब्ध : सहगल

**लखनऊ।** ''बुद्ध का प्रसाद'' सिद्धार्थनगर का ओडीओपी उत्पाद काला नमक चावल बिक्री के लिए अब फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव, डा. नवनीत सहगल ने आज फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए सिद्धार्थनगर के विश्व प्रसिद्ध कालानमक चावल के 250 किलोग्राम की पहली खेप को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। फ्लिपकार्ट पर एफपीओ कपिलवस्तु किसान निर्माता कम्पनी लिमिटेड को सिंगापुर से 250 किलो ग्राम काला नमक चावल के निर्यात का आर्डर मिला था।



इस अवसर पर डा. सहगल ने किसानों को वर्चुअल सम्बोधित करते हुए कहा कि ओडीओपी और फ्लिपकार्ट की साझेदारी नए पड़ाव पर आ गई है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर का कालानमक चावल का संबंध महात्मा बुद्ध जी है। ऐसी कहावत है कि महात्मा बुद्ध जी जब सिद्धार्थनगर से जाने लगे तब उन्होंने स्थानीय लोगों को एक चावल दिया और कहा कि लोगों इस चावल की सुगंध हमेशा उनकी याद दिलाती रहेगी। उन्होंने कहा कि फ्लिपकार्ट के माध्यम सिद्धार्थनगर के कालानमक चावल को देश-दुनिया में पहुंचा सकते हैं। इससे सिद्धार्थनगर के किसानों को चावल की अच्छी कीमत मिलेगी और गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा।

डा0 सहगल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत सिद्धार्थनगर में सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) निर्माणाधीन है। सीएफसी स्थापित होने के फलस्वरूप कालानमक चावल भण्डारण के लिए वातानुकूलित गोदाम, ग्रेडिंग के अधार पर विपणन के लिए पैकेजिंग सहित आवश्यक सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त एक अन्य सीएफसी का निर्माण भी प्रस्तावित है। साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई) वाराणसी द्वारा सिद्धार्थ नगर में कालानमक शोध संस्थान की स्थापना भी कराई जायेगी। अपर मुख्य सचिव श्री सहगल ने कहा कि ओडीओपी विपणन सहायता योजना के तहत इस वर्ष लखनऊ में आयोजित हुनर हाट, वाराणसी में आयोजित जीआई प्रोडक्ट प्रदर्शनी तथा नोएडा में आयोजित नोएडा शिल्प हाट में कालानमक से जुड़े उद्यमियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई गई है। इसके साथ ही कृषि और प्रसंस्करण खाद्य उत्पादन निर्यात विकास प्राधिकारी (एपीडा) वाराणसी के सहयोग से एफपीओ एवं निर्यातकों के लिए गोष्ठी आदि का आयोजन कराकर कालानमक चावल के निर्यात को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ओडीओपी वित्त पोषण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 में अब तक 40 उद्यमियों को लाभान्वित करते हुए 86.81 लाख रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई है। ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के तहत 150 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। किसानों को कालानमक के प्रति जागरूक करने के लिए जिले के कालानमक उत्पादक क्षेत्रों में फील्ड डे के माध्यम जैविक विधि से कालानमक उत्पादन की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इसी प्रकार जनपद के 12 विकास खण्डों में काला नमक चावल किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का गठन किया गया है।

## कीमती धातुओं में तेजी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं में रही तेजी का असर आज घरेलू सर्राफा बाजार में भी दिखा जहां दोनों कीमती धातुओं में बढ़त दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 1.09 प्रतिशत बढ़कर 1782.51डॉलर प्रति औंस बोला गया। अमेरिकी सोना वायदा 0.74 फीसदी बढ़कर 1780.90 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इसी तरह से चांदी हाजिर 0.81 प्रतिशत चढ़कर 26डॉलर प्रति औंस बोली गई।



देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 261 रुपए बढ़कर 46989 रुपए प्रति 10 ग्राम और सोना मिनी 200 रुपए चढ़कर46795 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। इस दौरान चांदी 158 रुपए की बढ़त लेकर 67756 रुपए प्रति किलो और चांदी मिनी 104 रुपए चढ़कर 67907रुपए प्रति किलो बोली गई।

## एयरटेल और टाटा समूह की मेड इन इंडिया 5 जी के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली।** संचार समाधान प्रदाता भारती एयरटेल और टाटा समूह ने भारत के लिए 5जी नेटवर्क समाधानों को लागू करने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनियों ने कहा की टाटा समूह ने ओ-आरएएन आधारित रेडियो और एनएसए/एसए कोर अत्याधुनिक विकसित किया है। टाटा समूह और उसके भागीदारों की क्षमताओं का लाभ उठाते हुए एक स्वदेशी तकनीक को पूरी तरह से




दूरसंचार को एकीकृत किया गया है। यह जनवरी 2022 से वाणिज्यिक विकास के लिए उपलब्ध होगा। टाटा समूह की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज(टीसीएस) को वैश्विक प्रणाली एकीकरण विशेषज्ञता है और 3जीपीपी और ओ आरएएन दोनों मानकों के लिए एंड-टू-एंड समाधान करने में मदद करती है। एयरटेल में अपनी 5जी रोलआउट योजनाओं के हिस्से के रूप में इस स्वदेशी समाधान को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तैनात करेगी और जनवरी 2022 में भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार प्रोजेक्ट शुरू करेगी।

ये मेड इन इंडिया 5जी उत्पाद और समाधान वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं, और मानक ओपन इंटरफेस और ओ-आरएएन एलायंस द्वारा परिभाषित अन्य उत्पादों के साथ इंटर-ऑपरेट करते हैं। 5जी सॉल्यूशन भारत के लिए निर्यात के लिए अवसर खोलेगा, जो अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार है।

भारती एयरटेल के एमडी और सीईओ (भारत और दक्षिण एशिया) गोपाल विट्ठल ने कहा, भारत को 5जी और संबद्ध प्रौद्योगिकियों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने के लिए टाटा समूह के साथ जुड़कर हमें खुशी हो रही है। अपने विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिभा पूल के साथ, भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक समाधान और अनुप्रयोग बनाने के लिए अच्छी तरह से स्थित है। इससे भारत को एक इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन बनने में काफी मदद मिलेगी।

टीसीएस के एन. गणपति सुब्रमण्यम ने कहा एक समूह के रूप में, हम 5जी और उससे जुड़ी संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं। हम नेटवर्किंग क्षेत्र में इन अवसरों का समाधान करने के लिए एक विश्व स्तरीय नेटवर्किंग उपकरण और समाधान व्यवसाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फोनपे ने लॉन्च किया ऑटो टॉप-अप वॉलेट

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने अपने ग्राहकों के लिए यूपीआई ई-मैंडेट का उपयोग करते हुए भारत का पहला वॉलेट ऑटो टॉप-अप फीचर लॉन्च किया है। कंपनी ने आज कहा कि यह सुविधा फोनपे ग्राहकों को एक बार यूपीआई ई-मैंडेट सेट करने की अनुमति देती है, जिसके बाद फोनपे अपने वॉलेट बैलेंस को न्यूनतम स्तर से नीचे आने पर अपने आप टॉप अप कर देगा। इसका मतलब है कि फोनपे ग्राहक अब अपने वॉलेट का उपयोग करके हर बार मैन्युअल रूप से अपने वॉलेट बैलेंस को टॉप अप किए बिना कई भुगतान कर सकते हैं। एक बार यूपीआई ई-मैंडेट सेट हो जाने के बाद, उपयोगकर्ताओं को अपना वॉलेट लोड करने या भुगतान करने के लिए हर बार कोई पिन दर्ज करने या ओटीपी की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं होती है। ग्राहकों को 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की ऑटो टॉप-अप राशि दर्ज करनी होगी और स्क्रीन के नीचे टॉप-अप और सेट ऑटो टॉप-अप वॉलेट विकल्प पर क्लिक करना होगा और यूपीआई पिन दर्ज करना होगा। ग्राहक के बैंक से सफल पुष्टि होने पर, वॉलेट तुरंत चुनी गई राशि के लिए रिचार्ज हो जाता है और एक ऑटो-टॉप अप मैंडेट बनाया जाता है।

## टीवी पर भगवान का रोल निभाने नहीं होता आसानः हितांशु सोनी

टीवी पर भगवान का रोल निभाना बहुत जिम्मेदारी का काम है. जो दर्शक शो को देख रहे होते हैं वो इन किरदारों से अपनी आस्था के साथ जुड़ जाते हैं. उनको उम्मीद रहती है कि शो में उनके पसंदीदा भगवान का किरदार निभा रहे एक्टर अपने जीवन में भी शुद्ध अंतःकरण से मर्यादाओं का पालन करें. एक्टर हितांशु जिंसी हिंदी टेलीविजन पर कई पौराणिक शोज़ और फैमिली ड्रामा का हिस्सा रह चुके हैं. इस समय हितांशु सोनी टीवी के शो 'विघ्नहर्ता गणेश' में भगवान जगन्नाथ का रोल निभा रहे हैं. हितांशु का मानना है कि इस तरह के पौराणिक किरदार निभाना बड़ी जिम्मेदारी होती है, लेकिन वो दोनों जॉनर्स में काम करने का भरपूर मजा लेते हैं. उनका मानना है कि भगवान का रोल निभाना आसान नहीं है. हितांशु कहते हैं, मैंने पौराणिक शोज़ के साथ-साथ डेली सोप भी किए हैं. मुझे लगता है कि दोनों का अपना आकर्षण होता है. मैं यह कहूंगा कि एक पौराणिक शो से लेकर सास-बहू ड्रामा तक, मैंने हर बदलाव का हमेशा मजा लिया है. एक एक्टर के रूप में हमें किसी एक विषय में बंधकर रह जाने के



बजाय अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाने की जरूरत होती है. इसलिए मैं हमेशा किसी पीरियड ड्रामा या किसी पौराणिक धारावाहिक के बाद एक सामाजिक शो करता हूं. डेली सोप में आप ऐसा किरदार निभाते हैं, जो किसी असली व्यक्ति से प्रेरित हो या जिसमें किसी वास्तविक व्यक्ति के गुण हों. लेकिन पौराणिक शोज़ में जब इस तरह के दिव्य किरदार निभाने की बात आती है, तो एक्टर के रूप में हमें बहुत ध्यान रखना होता है और इसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना होता है, ताकि किसी की भी भावनाओं को ठेस ना पहुंचे. किसी भी किरदार को निभाने के लिए हर एक्टर को एक आंतरिक प्रक्रिया का पालन करना होता है. इसमें सबसे बड़ा काम ये होता है कि आपको भगवान की तरह ही सोचना होता है, जिसके लिए कोई संदर्भ उपलब्ध नहीं है कि वे किसी विशेष परिस्थिति में किस तरह प्रतिक्रिया देंगे.

## आज का राशिफल

मेष : आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में प्रशंसापात्र बनेंगे। धन लाभ का योग है। पारिवारिक जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ : मानसिकरूप से स्वस्थ रहेंगे। आपके कार्य निर्धारितरूप से योजना के अनुसार पूर्ण होंगे। आर्थिक लाभ की संभावना है। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

मिथुन : किसी भी प्रकार के वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से दूर रहिएगा। अपमान न हो इसका ध्यान रखिएगा। मित्रों के पीछे खर्च होने की संभावना है।

कर्क : ग्लानि से आज आपका मन व्यथित रहेगा। प्रफुल्लितता, स्फूर्ति और आनंद का आज अभाव रहेगा। परिवारजनों के साथ तकरार होने की संभावना है।

सिंह : अपने सहोदर के साथ संबंधों में निकटता का अनुभव आप करेंगे। उनका सहकार भी आपको मिलेगा। संबंधो में रही भावना की गहराई को आप समझ सकेंगे।

कन्या : परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाक्माधुर्य से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा। बौद्धिक चर्चा में न उतरने की सलाह है।

तुला : आज कोई सृजनात्मक प्रवृत्ति हो सकती है। आपकी सृजनात्मक शक्ति आज श्रेष्ठ रहेगी। शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थता का अनुभव आप करेंगे।

वृश्चिक : शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यग्र रहेगा। वाहन चलाते समय अकस्मात न हो जाए इसका ध्यान रखिएगा।

धनु : आपको आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। मित्रों और परिवारजनों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आनंद प्राप्त होगा।

मकर : परिवार और संतानों के विषय में आपको आनंद के साथ-साथ संतोष का भी अनुभव होगा। व्यापार में धन की उगाही के लिए बाहर जाना पड़ेगा, जो कि लाभप्रद रहेगा।

कुंभ : शारीरिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। फिर भी मानसिकरूप से प्रसन्नता बनी रहेगी।

मीन : क्रोध और वाणी पर संयम बरतिएगा। आरोग्य के विषय में सावधानी रखिएगा। सरकार-विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहिएगा।

## मैंने बॉलीवुड की रूढ़ियों को चुनौती दीः विद्या बालन

विद्या बालन ने अपनी भूमिकाओं से बॉलीवुड की रूढ़ियों को बार-बार चुनौती दी है, अपने किरदारों को दमदार अभिनय के साथ जिया है। अभिनेत्री का कहना है कि यह ऐसा कुछ नहीं था जो उन्होंने होशपूर्वक किया।

जब से उन्होंने 2005 में 'परिणीता' के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की, विद्या ने 'भूल भुलैया', 'नो वन किल्ड जेसिका', 'द डर्टी पिक्च र', 'पा', जैसी फिल्मों में अपने काम से हिंदी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'कहानी', 'इश्किया', 'मिशन मंगल', 'तुम्हारी सुलु' और 'शकुंतला देवी'। वह अगली बार 'न्यूटन' निर्माता अमित मसुरकर की 'शेरनी' में दिखाई देंगी, जो उन्हें एक वन अधिकारी के रूप में पेश करेगी।



राष्ट्रीय पुरस्कार और पद्मश्री से नवाजी गई विद्या ने कहा, मैं रूढ़िवादिता को तोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन मुझे लगता है कि जीवन में अपने अनुभवों के माध्यम से, विशेष रूप से एक अभिनेता के रूप में, मैंने महसूस किया है कि मैं अपने रास्ते में कुछ भी आने नहीं दूंगी।

42 वर्षीय अभिनेत्री ने आगे कहा, तो अगर आप मुझे बताते हैं कि मैं एक अभिनेता होने के लिए बहुत छोटी हूं और बहुत मोटी हूं। मैं बहुत बोल्ड हूं, बहुत बेशर्म या बहुत बुद्धिमान हूं या जो भी हूं , मैं सिर्फ रेन्डम बातें कह रही हूं, मैं नहीं बदल सकती कि मैं कौन हूं लेकिन मैं अभी भी अपना रास्ता खोज सकती हूं।

## धूम 4 का सामने आया पोस्टर, अक्षय कुमार और सलमान खान लीड रोल में

यशराज बैनर तले बनी बॉलीवुड की मशहूर एक्शन फिल्म धूम को काफी ज्यादा पसंद किया गया था। इस फिल्म की अब तक तीन फ्रेंचाइजी रिलीज की जा चुकी है। जिनमें से 2 फ्रेंचाइजी को दर्शकों द्वारा जबरदस्त रिस्पांस मिला था। हालांकि तीसरी फ़िल्म को दर्शकों की तरफ से मिली जुली प्रतिक्रिया मिली है। हालांकि अब धूम फिल्म को पसंद करने वाले फैंस चाहते हैं कि मेकर्स इसके अगली सीरीज का निर्माण करें। अब तक मेकर्स ने कुछ भी कंफर्म नहीं किया गया है। लेकिन




अक्सर फिल्म के चौथे पार्ट को लेकर कोई ना कोई खबरें सामने आती रहती है। अब इसी बीच सोशल मीडिया पर जो खबरें सामने आई है उसमे कुछ और ही कहा जा रहा है। सोशल मीडिया पर फिल्म धूम को लेकर चर्चा हो रही है जिसमें ये कहा जा रहा है कि फिल्म धूम 4 में मुख्य किरदार के रूप में अभिनेता अक्षय कुमार और सलमान खान को कास्ट किया जा सकता है।

## नॉर्मल कबाब से जरा हटकर है दही कबाब

दही के कबाब शादी-ब्याह, पार्टीज़ और रेस्टोरेंट में ही अक्सर खाने को मिलते हैं लेकिन बहुत ही कम चीज़ों और मेहनत के साथ इसे घर में भी तैयार किया जा सकता है। जानते हैं कैसे।



### सामग्री :

1 कप हंग कर्ड, 1 टीस्पून भूने हुए प्याज का पेस्ट (कड़ाही में एक टीस्पून तेल डालकर उसमें प्याज को बारीक काटकर सुनहरा होने तक भूनें, फिर इसको ब्लेंडर जार में डालकर ब्लेंड कर दें।), 1 टीस्पून भुना हुआ अखरोट का पेस्ट (कड़ाही में अखरोट को अच्छी तरह ड्राई रोस्ट करें, अब अखरोट को ब्लेंडर जार में डालें। थोड़ा सा पानी मिलाएं और पीस लें), 3 टीस्पून कद्दूकस किया पनीर, थोड़ा-सा बारीक कटा हरा धनिया, 2-4 पुदीने की पत्तियां, 1-2 बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1/2 टीस्पून भुना हुआ जीरा और सौंफ, 1/2 टीस्पून बारीक कटी हुई अदरक, स्वादानुसार नमक, जरूरत भर तेल या घी

### विधि :

सारी सामग्री को लेकर मिक्स करें। इस मिश्रण को लगभग आधे घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। एक ट्रे में दरदरे पीसे हुए अखरोट फैलाएं।

दही कबाब मिक्सर से कबाब बनाएं। अब प्रत्येक कबाब को अखरोट में अच्छी तरह रोल करें।

नॉनस्टिक पैन या तवे पर हलका घी लगाएं। इसमें कबाब को दोनों ओर से पलटते हुए सेंकते जाएं। दही के इन कबाब को मनपसंद चटनी के साथ गरमागर्म सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 118

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक117का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |